जागरण

# स्वास्थ्य विभाग ने 21 पेटी नकली सैनिटाइजर पकड़ा



Publish Date:Sat, 20 Jun 2020 06:16 AM (IST)



जागरण संवाददाता, बल्लभगढ़ : स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक व्यक्ति से 21 पेटी नकली सैनिटाइजर पकड़ा है। उससे चार फैक्ट्रियों के लेबल और सैनिटाइजर बनाने का सामान भी बरामद हुआ है। सैनिटाइजर के नमूने लेकर जांच के लिए चंडीगढ़ भेज दिए गए हैं।

औषधि नियंत्रक संदीप गहलियान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली एक व्यक्ति बल्लभगढ़ में नकली सैनिटाइजर मेडिकल स्टोर पर बेचने के लिए आ रहा है। वरिष्ठ औषधि नियंत्रक कर्ण गोदारा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम बनाई गई। इस टीम में पलवल के वरिष्ठ औषधि नियंत्रक कृष्ण कुमार के साथ उन्हें भी शामिल किया गया। टीम राहुल मेडिकल स्टोर के पास उसके आने का इंतजार कर रही थी। तब एक व्यक्ति कार में सैनिटाइजर लेकर आया। टीम ने उससे कागज देखे, तो वो उन फैक्ट्रियों के थे, जिनके पास सैनिटाइजर बनाने के लाइसेंस नहीं थे। इनमें एक पंजाब की फैक्ट्री के नाम से बनाया हुआ था। पंजाब में भी फैक्ट्री संचालकों से बातचीत की, तो उन्होंने भी इससे फर्जी बताया। उसकी कार की तलाशी ली, तो 21 पेटी हैंड सैनिटाइजर बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने अपना पता फरीदाबाद के एक केमिकल उद्योग का बताया, जिसे बैंक ने पहले से ही सील किया हुआ है। आरोपित ने गोदाम गांव खेड़ीकलां के पास कच्चे रास्ते पर बनाया हुआ था। वहां से कीप, मग आदि सामान बरामद किया है। उसके सैनिटाजर के नमूने लिए गए हैं। कार से फैक्ट्रियों के फर्जी लेबल बरामद किए हैं। आरोपित ने अपना नाम राजकुमार बताया है। जो मूल रूप में संत कबीर नगर जिला उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और यहां फरीदाबाद संजय कॉलोनी में रहता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नकली हैंड सैनिटाइजर बनाने वाले राजकुमार व सुखदेव सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए शिकायत दी है। नकली हैंड सैनिटाइजर को अदालत के आदेश पर टीम ने सील करके अपने कब्जे में ले लिया है।

-राजीव कुंडू, थाना शहर प्रभारी बल्लभगढ़

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/haryana/faridabad-faridabad-health-department-team-caught-wv-cases-of-fake-hand-sanitizer-20412100.html